संघ शक्ति सर्वदा

लेखपाल संघ-जिन्दाबाद

# उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ

पंजी. संख्याः 75-4/11-A/359, 14 नवम्बर 1962

प्रधान कार्यालयः आलमबाग, सुजानपुरा, ओमनगर, पुराना बस स्टेशन के सामने, लखनऊ

Web: www.lekhpal.wordpress.com E-mail: lekhpal.up@gmail.com

**राम मूरत यादव**
प्रदेश अध्यक्ष
+91-9456225600
पत्राचारः मो. शिव दयाल कम्पाउंड, निकट आई.टी.सी. सहारनपुर-247001(उ.प्र.)

**ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव**
प्रदेश महामंत्री
+91-9415281875
पत्राचारः कृष्णानगर, देवरिया खास, निकट गीता भवन, हनुमान मन्दिर, देवरिया(उ.प्र.)

**उपाध्यक्षगण**
दीपक त्यागी
पश्चिमी जोन
: 9536500281

भूपेन्द्र सिंह
मध्य जोन
: 9198895639

रामपूजन राम
पूर्वी जोन
: 9451510484

**कोषाध्यक्ष**
विनोद कुमार कश्यप
: 9760398504

**संगठन मंत्रीगण**
सुदेश कुमार
पश्चिमी जोन
: 9758547258

मनोज त्रिपाठी
मध्य जोन
: 9415434880

विनोद यादव
पूर्वी जोन
: 9415678593

**लेखापरीक्षक**
मूलचन्द्र पटेल
: 9695863623

दिनांक 17-05-2021

सेवा में

मा० मुख्य सचिव महोदय
उ० प्र० शासन लखनऊ

विषय: चिकित्सा कर्मियों की भांति अग्रिम पंक्ति में कोरोना वारियर के रूप कार्यरत लेखपाल संवर्ग को भी प्रोत्साहन भत्ते के रूप में 25 प्रतिशत अतिरिक्त वेतन अनुमन्य किए जाने विषयक।

महोदय

सादर निवेदन करना है कि वर्तमान समय में पूरे प्रदेश में कोरोना महामारी का संकट छाया हुआ है जिसे समाप्त करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा नित् नयी योजना बनाकर गांव-गांव घर-घर संक्रमण रोकने का प्रयास किया जा रहा है । ऐसे में लेखपाल अपने पदीय दायित्वों एवं कृषि, पंचायत विभाग, ड्रोन सर्वे व हाईवे आदि अन्य विभागों की योजनाओं का कार्य करने के साथ-साथ गत वर्ष से निरंतर कोरोना महामारी से निपटने के लिए बचाव एवं राहत कार्य कर रहा है। शासन द्वारा कोरोना से निपटने के लिए ट्रेसिंग टेस्टिंग ट्रीटमेंट के लिए ग्राम स्तर पर निगरानी समिति बनाई गई तथा कोरेंटीन सेंटर एवं सामुदायिक किचन की व्यवस्था की गई। गांवों में समस्त गरीब मजदूर परिवारों को निशुल्क राशन वितरण अभियान चला कर किया गया है। इन समस्त कार्यक्रमों में लेखपालों की ड्यूटी लगाई गई। प्रवासी मजदूरों को रेल एवं सड़क यातायात साधनों से घर पहुंचाने की व्यवस्था की गई जिसके अंतर्गत लेखपालों को प्रवासी मजदूरों की स्क्रीनिंग

करने राशन किट व भोजन पानी देकर बसों एवं रेलों में बैठा कर गंतव्य तक पहुंचाने में और वहां कोरेंटीन सेंटर में उनके रूकने व चिकित्सा एवं खाने पीने की व्यवस्था में भी ड्यूटी लगाई गई।

**दूसरी लहर में लेखपाल द्वारा मतदान एवं मतगणना कार्य करने के साथ-साथ विभिन्न तरह के कार्य किये जा रहे हैं-**

1. अस्पतालों में आक्सीजन एवं बेड की व्यवस्था में सहयोग करना।
2. आक्सीजन प्लांट से सुचारू रूप से सभी जनपदों पर आक्सीजन सिलेंडर की आपूर्ति करान में सहयोग करना।
3. गांवों में सेनेटाइजेशन एवं कैंटेनमेंट जोन की बैरीकेडिंग की निगरानी सहित अपने तैनाती क्षेत्रों में महामारी से निपटने के लिए बचाव एवं राहत कार्य के साथ समस्त प्रशासनिक व्यवस्था करना।
4. प्रवासी मजदूरों की सूची बनाकर वेबसाइट पर फिड करना।

महोदय लेखपाल प्रशासन की सबसे छोटी एवं महत्वपूर्ण कड़ी होने के कारण प्रशासन के सहयोग करने में लेखपाल संवर्ग 24X7 घंटे तत्पर है।

महोदय उपरोक्त समस्त कार्यों/दायित्वों के सम्पादन में लेखपालों का संक्रमित व्यक्ति एवं उसके परिजनों से सम्पर्क होना स्वाभाविक है जिससे लेखपालों की कोरोनाकाल में ड्यूटी जोखिम पूर्ण हैं। लेखपालों के परिजन संदैव चिंता एवं संक्रमण के ख़तरे में जीवन यापन कर रहे हैं। ड्यूटी की व्यस्तता एवं तनाव की आशंकाओं के चलते अधिकांश लेखपालों ने तो टेस्ट नहीं कराया फिर भी वर्तमान समय में लगभग 900 लेखपाल एवं उनके परिजन संक्रमित हो गये है। तथा वर्तमान समय में 21 लेखपाल एवं 41 उनके परिजन कोरोना संक्रमण से जान गंवा चुके हैं। फिर भी पूरा लेखपाल संवर्ग प्रदेश के प्रत्येक जनता के रक्षा के लिए माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा जनता के रक्षा एवं बचाव में दिये जा रहे सुविधाओं को घर-घर पहुंचाने के लिए दृढ़संकल्पित है।

अतः महोदय से सादर निवेदन है कि संवर्ग का मनोबल बढ़ाने हेतु लेखपालों को भी चिकित्सा कर्मियों की भांति कोरोना भत्ते के रूप में 25 प्रतिशत अतिरिक्त वेतन अनुमन्य किए जाने के निर्देश निर्गत करने की कृपा करें जिससे महामारी के समय अपना व परिजनों की जान जोखिम में डालकर कार्य कर रहे लेखपालों को भी प्रोत्साहन मिल सके।

संस्था महोदय की आभारी रहेगी।

भवदीय

ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव

महामंत्री

उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ

प्रतिलिपि:

1. मा० अपर मुख्य सचिव महोदया(राजस्व)उ० प्र० लखनऊ ।
2. आयुक्त एवं सचिव महोदया मा० राजस्व परिषद उ० प्र० लखनऊ।
3. समस्त जिलाधिकारी महोदय उत्तर प्रदेश।

ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव

महामंत्री

उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ

## कोरोना बिमारी के कारण उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ सम्वर्ग को हुई क्षति का ब्योरा :-

| क्र0 सं0 | मण्डल का नाम | ड्यूटी के कारण कोरोना संक्रमित लेखपालों की संख्या | ड्यूटी के कारण कोरोना संक्रमण से मृतक लेखपालों की संख्या | पंचायत चुनाव या मतगणना के बाद संक्रमित लेखपालों की संख्या | पंचायत चुनाव या मतगणना के बाद कोरोना संक्रमण से मृतक लेखपालों की संख्या | लेखपाल के परिवार में संक्रमित सदस्य की संख्या | कोरोना संक्रमण से लेखपाल के परिवार के मृतक सदस्य की संख्या | अन्य विव… |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | मुरादाबाद | 47 | 04 | 19 | 02 | 25 | 01 | — |
| 2 | मेरठ | 33 | 01 | 00 | 00 | 14 | 07 | — |
| 3 | कानपुर | 02 | 00 | 06 | 00 | 04 | 00 | — |
| 4 | देवीपाटन | 11 | 01 | 12 | 00 | 04 | 00 | — |
| 5 | प्रयागराज | 15 | 01 | 00 | 00 | 11 | 01 | — |
| 6 | बस्ती | 06 | 01 | 07 | 00 | 23 | 06 | — |
| 7 | विन्ध्यांचल | 13 | 00 | 04 | 00 | 00 | 00 | — |
| 8 | बरेली | 51 | 02 | 31 | 00 | 30 | 02 | — |
| 9 | लखनऊ | 91 | 03 | 00 | 00 | 20 | 02 | — |
| 10 | सहारनपुर | 07 | 00 | 18 | 00 | 29 | 08 | — |
| 11 | गोरखपुर | 49 | 01 | 00 | 00 | 45 | 07 | — |
| 12 | झांसी | 15 | 01 | 00 | 00 | 10 | 00 | — |
| 13 | आगरा | 21 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | — |
| 14 | चित्रकुट | 22 | 01 | 00 | 00 | 10 | 00 | — |
| 15 | आजमगढ़ | 26 | 01 | 00 | 00 | 12 | 00 | — |
| 16 | अलीगढ़ | 23 | 00 | 00 | 00 | 13 | 00 | — |
| 17 | अयोध्या | 61 | 01 | 08 | 00 | 18 | 07 | — |
| 18 | बनारस | 17 | 01 | 00 | 00 | 12 | 00 | — |
| | **योग** | **510** | **19** | **105** | **02** | **280** | **41** | **—** |

महामंत्री

उ0प्र0 लेखपाल संघ